**arisपत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल से मुख्यमंत्री की पुत्रियों सहित लामार्टिनियर गर्ल्स की छात्राओं का दल मिला

लखनऊः 26 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज मुख्यमंत्री की पुत्रियाँ अदिति एवं टीना सहित लामार्टिनियर गर्ल्स कालेज के आठवीं कक्षा की दस छात्राओं के एक दल ने भेंट की। कालेज की छात्राओं को राजभवन पर अपने प्रोजेक्ट में काम करना है तथा उसके इतिहास के बारे में जानकारी करके लिखना था। बच्चों ने इस अवसर पर स्वयं द्वारा राजभवन पर रचित एक गीत राज्यपाल को सुनाया भी तथा छात्राओं ने राज्यपाल से क्रमवार कुछ सवाल भी पूछे।

प्रश्न - राजभवन पहली बार आकर कैसा लगा ?
उत्तर (राज्यपाल) - राजभवन आकर बहुत अच्छा लगा। प्रदेश भी बहुत अच्छा है। लोग मेहनती हैं। यहाँ के लोग विज्ञान का उपयोग करके थोड़ी और मेहनत करें तो प्रदेश का और विकास हो सकता है।

प्रश्न - राजभवन में कितने लोग काम करते हैं ?
उत्तर (राज्यपाल) - राजभवन में स्टाफ के अलावा काफी संख्या में लोग काम करते हैं। कुछ लोग राजभवन में खेती का काम करते हैं, कुछ उद्यान का तथा सुरक्षा में भी पर्याप्त लोग यहां नियुक्त किये गये हैं।

प्रश्न - युवा भारत को कैसे अच्छा बना सकते हैं ?
उत्तर (राज्यपाल) - युवाओं को अच्छा भारत बनाने के लिए अच्छा नागरिक बनना होगा। उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान देने की जरूरत है। योग से स्वास्थ्य अच्छा होता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। योग से इच्छाशक्ति मजबूत होती है। बचपन से सूर्य नमस्कार करने के कारण उन्होंने कैंसर जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त की। आज 81 वर्ष की उम्र में भी स्वस्थ हैं।

प्रश्न - आप गवर्नर हैं। शिक्षा के बारे में क्या विचार है तथा आज और तब की शिक्षा में क्या अंतर है ?
उत्तर (राज्यपाल) - कोशिश यह होनी चाहिए कि बच्चों को पूरी शिक्षा निरन्तरता के साथ मिले। शिक्षा में गुणवत्ता होनी चाहिए जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल बन सके। पहले पढ़ाई में इतनी विशेषज्ञता नहीं होती थी। आज और तब की शिक्षा में बहुत अंतर आया है। लड़किया हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। देश ने बहुत प्रगति की है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं गांव के स्कूल में पढते थे। चूंकि गरीब परिवार से थे अतः अपनी पढाई का खर्च अखबार बेचकर व छोटे बच्चों को टयूशन पढ़ाकर निकालते थे।

प्रश्न - उत्तर प्रदेश में क्या अच्छा लगता है ?
उत्तर (राज्यपाल) - उत्तर प्रदेश में शांति है। महाराष्ट्र में लोग बहुत व्यस्त रहते हैं। 76 लाख लोग प्रतिदिन लोकल ट्रेन से सफर करते हैं। केवल दो घंटे के लिए ट्रेन बंद होती है। मुंबई शहर में आबादी बहुत है।

इस अवसर पर बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया तथा अपने प्रोजेक्ट से संबंधित कुछ तस्वीरें भी खिंची।

---------

Abercrombie